# सराहनीय कार्य
## कानपुर देहात पुलिस

**#CRACKDOWN** प्रेस नोट - दिनांक 10.09.2026

**थाना गजनेर पुलिस द्वारा दिनांक 10.09.2026 को बलात्कार की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुठभेड़ के दौरान 02 अभियुक्तों को मौके से किया गया गिरफ्तार।**

अभियुक्तगण के कब्जे से 01 तमंचा देशी 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस कुल ₹660- नकद बरामद हुए।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में कानपुर देहात के थाना गजनेर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं बलात्कार/चोरी/लूट/छिनैती/गोकशी की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम दिनांक 09.09.2026 को थाना गजनेर पर मुकदमा वादिनी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 14 वर्ष के साथ हुई गैंगरेप की घटना के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 0222/2026 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस व 5G/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कराया गया था।** घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की पतारसी सुरागरसी व गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे।

इसी क्रम में दिनांक 09/10.09.2026 की सुबह मुखबिर खास की सूचना पर उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्तगणों की तलाश व गिरफ्तारी हेतु रवाना पुलिस टीम बताये गये स्थान पर पहुँची जहाँ पहले से मौजूद अभियुक्तगणों को रोकने व पकडने का प्रयास किया गया अभियुक्तगणों द्वारा एक राय होकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तंमचे से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा बचाव में की गयी जबाबी कार्यवाही के दौरान एक अभियुक्त अनिल सिंह को दाहिने पैर में गोली लगी व दूसरे अभियुक्त कालका को गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त अनिल को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी गजनरे रवाना किया गया। दौराने पूछतांछ अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम दोनों के द्वारा अपने ही गांव की एक नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म किया था। जब हमें जानकारी हुई कि हमारे

विरूद्ध थाना गजनेर मे मुकदमा लिखा गया है तो हम दोनो लोग आज सुबह गांव से भाग जाने के लिए निकले थे तभी आप लोगों ने घेर लिया पकडे जाने के डर की वजह से हमने पुलिस वालों पर तमंचे से फायर किया था लेकिन हम लोग पकड गये है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-

1. अनिल सिंह पुत्र राजदुलारे निवासी ग्राम कठेठी थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात
2. कालका प्रसाद पुत्र इन्गू निवासी ग्राम कठेठी थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात

बरामदगी:-

1. 01 देशी तमन्चा नाजायज 315 बोर , 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
2. जामा तलाशी में कुल ₹ 0660/- नगद।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास

**अनिल सिंह पुत्र राजदुलारे उपरोक्त –**

1.मु0अ0सं0 0222/2026 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस व 5G/6 पॉक्सो एक्ट
2. मु0अ0सं0 0224/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट

**कालका प्रसाद पुत्र इन्गू उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 0222/2026 धारा 70(2)/351(3) बीएनएस व 5G/6 पॉक्सो एक्ट
2.मु0अ0सं0 0224/2026 धारा 109 बीएनएस

**पुलिस टीम:-** थाना गजनेर पुलिस टीम

1. थानाध्यक्ष श्री सनत कुमार
2. उ0नि0 श्री ललित कुमार
3. हे0का0 अनुपम कुमार
4. हे0का0 मानबहादुर
5. का0 राजेश कुमार
6. का0 शिव शांत